आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति और कैबिनेट को दी ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा–भारत ने अपने जवाबी कार्रवाई के अधिकार का किया प्रयोग।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश समेत देश के कई सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उप राज्यपालों, पुलिस महानिदेशकों और मुख्य सचिवों के साथ की बैठक, ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूरे प्रदेश में रेड अलर्ट जारी।
- गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के दो सौ चौवालिस जिलों सहित प्रदेश के सभी जिलों में हुए नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल, लखनऊ में हुए मॉक ड्रिल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लिया हिस्सा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के कानपुर सहित देश में पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मिली मंजूरी।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से अपने जवाबी कार्रवाई के अधिकार का प्रयोग किया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कल उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन के दौरान वीरता और साहस का परिचय देकर नया इतिहास रचा।

**हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्ज करके पहले की तरह ही इस बार भी आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंट्स को तबाह करके करारा जवाब दिया है। भारत ने अपनी सरजमीन पर हुए हमले का जवाब देने के लिए अपने राइट टू रिस्पांड का इस्तेमाल किया है और हमारी यह कार्यवाही बेहद सोच–समझकर सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई महज उनके कैंट्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर तक ही सीमित रखी गई है।**

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और मंत्रिमंडल को कल ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

भारतीय सशस्त्र बलों ने सोमवार को देर रात ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। नई दिल्ली में सेना, वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में कल बताया गया कि यह ऑपरेशन सोमवार को रात एक बजकर पांच मिनट से डेढ बजे तक चला। सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि ये आतंकी ठिकानें पाकिस्तान के सियालकोट, बहावलपुर, पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में सवाई नाला और मुजफ्फराबाद में थे।

**सवाई नाला कैंप मुजफ्फराबाद यह एक लश्कर–ए–तोयबा का ट्रेनिंग सेंटर था। आतंकियों ने यहीं से प्रशिक्षण लिया था। सैयद–ना–बिलाल कैंप मुजफ्फराबाद यह एक जैशे मोहम्मद का स्टेजिंग एरिया है। यह हथियार विस्फोटक और जंगल सरवाईवल ट्रैनिंग का केन्द्र भी था। गुलपुर कैंप कोटली यह एलओसी से 30 किलोमीटर दूर था। लश्कर–ए–तोयबा का बेस था जो रजौरी, पुंछ में सक्रिय था**

कर्नल सोफिया ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए यह ऑपरेशन किया गया।

**ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए विभत्स आतंकवादी हमले के शिकार मासूम नागरिकों व उनके परिवारों के लिए न्याय देने के लिए लॉन्च किया गया था। पाकिस्तान में पिछले तीन दशकों से टैरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है इसमें रिक्रूटमेंट, इन्डॉक्टिनेशन सेंटर, ट्रेनिंग एरियाज व लॉन्चपैड शामिल थे जो पाकिस्तान और पाक अधिकृत जम्मू–कश्मीर–पीओजेके दोनों में फैले हैं।**

इस अवसर पर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का खुलासा हुआ है।

**********

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पुलिस महानिदेशकों और मुख्य सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और लद्दाख तथा जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपालों ने भाग लिया। इस बीच, ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि पुलिस की सभी फील्ड संरचनाओं को रक्षा इकाइयों के साथ समन्वय करने और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को मजबूत करने का निर्देश दिया गया है। डीजीपी ने कहा है कि यूपी पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के बाद भारत नेपाल सीमा पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस और एसएसबी के जवान बॉर्डर पर संयुक्त गश्त कर रहे हैं। हर आने जाने वाले की गहनता से तलाशी व जांच पड़ताल की जा रही है। रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**********

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मिलने कल उनके घर पहुंचे। इस मौके पर श्री महाना ने कहा कि सेना की कार्रवाई हमारे लिए बेहद गर्व का पल है।

**सेनाओं के प्रति जितना भी हम आभार देकर जितने दिन की शौर्य गाथा गए वह कम है। ये उन छब्बीस निर्दाष बच्चों को जिन्होंने हत्या करी है पिछले दिनों पहलगाम में उनका बदला तो है ही ये उसके साथ साथ छब्बीस ग्यारह का भी बदला है उसके साथ साथ पुलवामा का भी बदला है क्योंकि सारे आतंकी जहाँ जहाँ वो अपने ऑपरेट करते थे सारे के सारे उसको ध्वस्त करने का काम हमारी सेनाओं ने किया है।**

इस अवसर पर शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने कहा कि हमारी सेनाओं ने आंतकी ठिकानों को नष्ट किया है। यह पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। शुभम की पत्नी ऐशान्या ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री और भारतीय सेना का आभार जताया।

**********

गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के दो सौ चौवालिस वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों समेत पूरे प्रदेश में कल नागरिक सुरक्षा अभ्यास कराया गया। प्रदेश सरकार की विशेष पहल पर अलग अलग जिलों में मॉक ड्रिल हुए। शाम होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित समयानुसार विभिन्न जिलों में ब्लैक आऊट का भी अभ्यास किया गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में हुई नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपात स्थितियों में नागरिक कर्तव्यों के प्रति आगाह करने के लिए देश में और पूरे प्रदेश में मॉक ड्रिल किया गया। सभी लोगों को सेना, अर्धसैनिक बल और सुरक्षा से जुटी सभी संस्थाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए आगे आना होगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के लिए राष्ट्रीय योजना को बढ़ावा देने और कौशल विकास के लिए कानपुर सहित देश में पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मंजूरी दी है। एक रिपोर्ट–

**यह योजना 1,000 सरकारी आईटीआई को हब में अपग्रेड करने और पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसमें इन संस्थानों में कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना भी शामिल होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट के इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। इसके अलावा आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति–सीसीईए ने बिजली क्षेत्र को कोयला आवंटन के लिए नीति भारत में पारदर्शी तरीके से कोयला दोहन और आवंटन की योजना–शक्ति में संशोधन को स्वीकृति दे दी है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों और आकांक्षात्मक विकास खंडों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह ऐसे जनपदों और ब्लॉकों का स्थलीय परीक्षण करने के लिए लगातार दौरे करें। उन्होंने आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात सीएम फेलो की जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और बताया कि राज्य सरकार सीएम फेलो को शासकीय सेवा में आने पर वेटेज देगी। इसके लिए नियमावली तैयार की जा रही है।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल सहारनपुर जिले में मंडल स्तरीय खरीफ उत्पादक गोष्ठी में हिस्सा लिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रदेश सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने लाभार्थी किसानों को ट्रैक्टर की चाभियां भी सौंपी। कृषि मंत्री ने किसानों से परम्परागत खेती के साथ दलहन और तिलहन की भी खेती करने की अपील की।

**********